REPORT OF THE COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): " Madam, I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Eighth Report of the Committee on Public Undertakings on action taken by Government on the **recommendations** contained in their Fifty-seventh Report (Eighth Lok Sabha) on Food Corporation of India—Despatches of substandard wheat.

MOTION FOR ELECTION TO THE CENTRAL BOARD

वस्त्र तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री हुक्मदेव नारायण यादव) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम 1948 (1948 का 61) की धारा 4 की उप-धारा (3) के खण्ड (ग) के अनुसरण में यह सभा उस रीति से, जैसा सभापति निर्देश दें, सभा के सदस्यों में से दो सदस्यों को केन्द्रीय रेशम बोर्ड का सदस्य होने के लिए निर्वाचित करने की कार्यवाही करें।"

The question was put and the motion was adopted.

MOTION FOR ELECTION TO THE COFFEE BOARD

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री शांतिलाल पुरुषोत्तमदास पटेल): मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"काफी नियम 1955 के नियम 4 के उपनियम (1) के साथ पठित काफी अधि-नियम 1942 (1942 का 7) की धारा 4 की उपधारा (2) के खंड (ख) के अनुसरण में यह सभा उस रीति से, जैसे सभापति निर्देश दें, सभा के सदस्यों में से एक सदस्य को उक्त बोर्ड का सदस्य होने के लिए निर्वाचित करने की कार्यवाही करें।"

The question was put and the motion was adopted.

REG. THE MEMORANDUM OF SHRI SIMRANJEET SINGH MANN

SHRI R. K. DHAWAN (Andhra Pradesh); Madam Deputy Chairman... *(Interruptions)*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): महोदया, मुझे एक निवेदन करने की अनुमति दीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : एक्साइज स्केंडल ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बड़े महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । प्रधान मंत्री महोदय ने सिमरनजीत सिंह मान से बातचीत की है । अखबारों में उस बारे में छपा है। मेरे हाथ में मेमोरेंडम भी है, जो मेमोरेंडम मान साहब ने प्रधान मंत्री को दिया था। उनकी कुछ टिप्पणियां भी हैं प्रधान मंत्री महोदय की, मेमोरेंडम उन्होंने जो नेताओं के पास भेजा था । लेकिन अफसोस यह है कि इस सदन को प्रधान मंत्री और सरकार ने अब तक विश्वास में नहीं लिया है कि क्या हुआ है ? उसमें बड़े महत्व की बातें हैं । सबसे ओपनिंग पैराग्राफ में ही मान साहब कहते हैं कि :

"The Hindus, Muslims and the Sikhs were the signatories to the memoran-dum...."

उपसभापति : माथुर साहब, आप भाषण न करें । आपने अपनी बात कहदी । आपको पता है कि मेरे सामने लिस्टेड बिजनेस है ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर :एक मिनिट लूंगा ...(**व्यवधान**)...विषय तो पूरा रखने दीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : यह पता तो लगे कि यह मेमोरंडम सच्चा है या झूठा । अगर यह प्रधान मंत्री महोदय को दिया गया तो प्रधान मंत्री महोदय सदन के पटल पर रखें पढ़कर सुनाएं... (**व्यवधान**)...